लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ..... दैनिक जागरण .....
दिनांक 12. 12. 2019 ..... पृष्ठ सं. 17 ..... कॉलम 3-6 .....

# शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

## हकृवि स्थित कैंपस स्कूल का 48वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**जागरण संवाददाता, हिसार** : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कैंपस स्कूल का 48वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित समारोह में कुलपति, प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि थे। उन्होंने स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 'गांधी सदन' और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले 'सुभाष सदन' को मुख्य अतिथि ने ट्राफी प्रदान की।

प्रो. सिंह ने पुरस्कार पाने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कैंपस स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी भाग्यशाली है कि उन्हें विश्व के श्रेष्ठ कृषि विश्वविद्यालय में स्थित इस स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला है। जहां उन्हें विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित प्रयोगशालाओं व उनमें लगे उपकरणों और अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं को देखने व उपयोग करने का अवसर मिलता है। विद्यालय के नियंत्रण अधिकारी डा. एसके ठकराल ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया व प्रधानाचार्य सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट से सभी को अवगत कराया। डा. आरके यादव व डा. निर्मल यादव की उपस्थिति में कक्षा 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थी आरूषि अग्रवाल को दिवंगत लेफ्टिनेट अभिनव राव गोल्ड मेडल दिया गया।

डा. सुदेश गांधी की उपस्थिति में शहीद विंग कमांडर साहिल गांधी की स्मृति में इस वर्ष के होनहार विद्यार्थियों कक्षा दसवीं के प्रशांत व कक्षा बारहवीं के अमन मोहन को दस-दस हजार की धनराशि दी। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा अति सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें हरियाणवी नृत्य, अंग्रेजी एकांकी, नृत्य व छोटे बच्चों द्वारा सत्यभामा, रूक्मणी व श्री कृष्ण पर आधारित एक लघु नृत्यनाटिका मंचन किया गया। मंच का संचालन सुदेश मलिक व अजमेर द्वारा किया गया।



एचएयू में कैंपस स्कूल के 48वें वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में छात्रा को सम्मानित करते कुलपति प्रो. केपी सिंह। ● एचएयू।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: दैनिक भास्कर
दिनांक: 12.12.2019 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 1-8

# 15 मिनट में 7 किरदारों ने पेरेंट्स को दिया मैसेज, आपके कीमती वक्त की हमें जरूरत

एचएयू के कैंपस स्कूल में 48वां वार्षिकोत्सव : लोक नृत्य में हरियाणवी संस्कृति तो शास्त्रीय नृत्य में आध्यात्म दिखा





## वार्षिक गतिविधियों के मूल्यांकन पर 'गांधी सदन' रहा फर्स्ट

## आरुषि अग्रवाल को मिला गोल्ड



लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार


समाचार पत्र का नाम........अमर उजाला........
दिनांक 12 : 12 : 2019 ........ पृष्ठ सं ....5.... कॉलम ....6:8....

# वार्षिक गतिविधियों में गांधी सदन प्रथम, सुभाष सदन रहा द्वितीय

अमर उजाला ब्यूरो

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कैंपस स्कूल का 48वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि थे। उन्होंने स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। समस्त वार्षिक गतिविधियों के मूल्यांकन के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 'गांधी सदन' और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले 'सुभाष सदन' को मुख्य अतिथि ने ट्रॉफी प्रदान की।

प्रो. सिंह ने कहा कि कैंपस स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी भाग्यशाली है कि उन्हें विश्व के श्रेष्ठ कृषि विश्वविद्यालय में स्थित इस स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला है। जहां उन्हें विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित प्रयोगशालाओं व उनमें लगे उपकरणों और अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं को देखने व उपयोग करने का अवसर मिलता है। उन्होंने स्कूल प्रशासन से आह्वान किया कि वह इस विश्वविद्यालय के और विदेशों से आने वाले वैज्ञानिकों से इन विद्यार्थियों से नियमित तौर पर बातचीत करवाएं, जिससे उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।




कैंपस स्कूल के वार्षिक समरोह में अपनी प्रस्तुति देते विद्यार्थी। - अमर उजाला

## प्रशांत व अमन को दी 10-10 हजार की राशि

डॉ. सुदेश गांधी की उपस्थिति में शहीद विंग कमांडर साहिल गांधी की स्मृति में इस वर्ष के होनहार विद्यार्थियों कक्षा दसवीं के प्रशांत व कक्षा बारहवीं के अमन मोहन को 10-10 हजार की धनराशि दी। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा अति सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें हरियाणवी नृत्य, अंग्रेजी एकांकी, नृत्य व छोटे बच्चों द्वारा सत्यभामा, रुक्मिणी व श्री कृष्ण पर आधारित एक लघु नृत्य नाटिका मंचन किया गया। मंच संचालन सुदेश मलिक व अजमेर ने किया।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम हरि भूमि

दिनांक 12. 12. 2019 पृष्ठ सं 13 कॉलम 2-3

# स्कूल का वार्षिकोत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कैंपस स्कूल का 48वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया।

विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित समारोह में कुलपति, प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि थे। उन्होनें स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। समस्त वार्षिक गतिविधियों का मूल्यांकन के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 'गांधी सदन' तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले 'सुभाष सदन' को मुख्य अतिथि ने ट्रॉफी प्रदान की।

प्रो. सिंह ने स्कूल प्रशासन से आह्वान किया कि वह इस विश्वविद्यालय के तथा विदेशों से आने वाले वैज्ञानिकों से इन विद्यार्थियों से नियमित तौर पर बातचीत करवाएं।



लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......पंजाब केसरी......
दिनांक 12.12.2019...... पृष्ठ सं......4...... कॉलम......1-3......



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती हुई कैंपस स्कूल की छात्राएं।

# कैंपस स्कूल ने मनाया वार्षिकोत्सव

हिसार, 11 दिसम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कैंपस स्कूल का 48वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह मनाया गया।


विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित समारोह में कुलपति, प्रो. के.पी. सिंह मुख्य अतिथि थे। उन्होंने स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। समस्त वार्षिक गतिविधियों का मूल्यांकन के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 'गांधी सदन' तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले 'सुभाष सदन' को मुख्यातिथि ने ट्राफी प्रदान की। इस मौके पर कक्षा 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थी आरूषि अग्रवाल को दिवंगत लैफ्टिनैंट अभिनव राव गोल्ड मैडल दिया गया। डा. सुदेश गांधी की उपस्थिति में शहीद विंग कमांडर साहिल गांधी की स्मृति में इस वर्ष के होनहार विद्यार्थियों कक्षा दसवीं के प्रशांत व कक्षा 12वीं के अमन मोहन को 10-10 हजार की धनराशि दी। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें हरियाणवी नृत्य, अंग्रेजी एंकाकी, नृत्य व छोटे बच्चों द्वारा सत्यभामा, रूक्मणी व श्री कृष्ण पर आधारित एक लघु नृत्यनाटिका मंचन किया गया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........पाठक पक्ष........
दिनांक 11. 12. 2019 पृष्ठ सं. 6 कॉलम 4-7

# कैंपस स्कूल के अव्वल छात्रों को किया पुरस्कृत

हिसार, 11 दिसम्बर (निस) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कैंपस स्कूल का 48वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित समारोह में कुलपति, प्रो. के.पी. सिंह मुख्य अतिथि थे। उन्होंनें स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए । समस्त वार्षिक गतिविधियों का मूल्यांकन के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 'गांधी सदन' तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले 'सुभाष सदन' को मुख्य अतिथि ने ट्राफी प्रदान की। प्रो. सिंह ने स्कूल प्रशासन से आहवान किया कि वह इस विश्वविद्यालय के तथा विदेशों से आने वाले वैज्ञानिकों से इन विद्यार्थियों से नियमित तौर पर बातचीत करवाएं, जिससे उन्हें जीवन में आगे बढने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होने बताया कि कैंपस स्कूल में उच्च शिक्षित व समर्पित शिक्षक है जो बच्चों का सर्वांगीण विकास करते हुए, अपने बच्चों की तरह ध्यान रखते है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय के नियंत्रण अधिकारी डॉ. एस.के. ठकराल ने उपस्थित अतिथिगण का हार्दिक स्वागत किया व प्रधानाचार्य श्री सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला जी ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट से सभी को अवगत कराया। डॉ. आर.के. यादव व डॉ. निर्मल यादव की उपस्थिति में कक्षा 12वीं में





सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थी आरूषि अग्रवाल को दिवंगत लेफ्टिनेंट अभिनव राव गोल्ड मेडल दिया गया। डॉ. सुदेश गांधी की उपस्थिति में शहीद विंग कमांडर साहिल गांधी की स्मृति में इस वर्ष के होनहार विद्यार्थियों कक्षा दसवीं के प्रशांत व कक्षा बारहवी के अमन मोहन को दस-दस हजार की धनराशि दी। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा अति सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें हरियाणवी नृत्य, अंग्रेजी एंकाकी, नृत्य व छोटे बच्चों द्वारा सत्यभामा, रूक्मणी व श्री कृष्ण पर आधारित एक लघु नृत्यनाटिका मंचन किया गया। मंच का संचालन श्रीमति सुदेश मलिक व अजमेर द्वारा किया गया। प्रतिमा जसवाल के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इस समारोह में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के गणमान्य अधिकारी, अभिभावकगण व अन्य अतिथिगण उपस्थित थे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम...... सिटी पल्स ......
दिनांक 11. 12. 2019 ...... पृष्ठ सं. 3 ...... कॉलम 3-6 ......

# कैंपस स्कूल ने मनाया वार्षिकोत्सव




*हिसार। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती हुई कैंपस स्कूल की छात्राएं।*

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कैंपस स्कूल का वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित समारोह में कुलपति, प्रो. के.पी. सिंह मुख्य अतिथि थे। उन्होंने स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। समस्त वार्षिक गतिविधियों का मूल्यांकन के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 'गांधी सदन' तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले 'सुभाष सदन' को मुख्य अतिथि ने ट्राफी प्रदान की।

प्रो. सिंह ने पुरस्कार पाने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने स्कूल प्रशासन से आह्वान किया कि वह इस विश्वविद्यालय तथा विदेशों से आने वाले वैज्ञानिकों से इन विद्यार्थियों से नियमित तौर पर बातचीत करवाए जिससे उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय के नियंत्रण अधिकारी डॉ. एस.के. ठकराल ने उपस्थित अतिथिगण का स्वागत किया व प्रधानाचार्य सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। डॉ. आर.के. यादव व डॉ. निर्मल यादव की उपस्थिति में कक्षा 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थी आरूषि अग्रवाल को दिवंगत लेफ्टिनेंट अभिनव राव गोल्ड मेडल दिया गया। डॉ. सुदेश गांधी की उपस्थिति में शहीद विंग कमांडर साहिल गांधी की स्मृति में इस वर्ष के होनहार विद्यार्थियों कक्षा दसवीं के प्रशांत व कक्षा बारहवीं के अमन मोहन को दस-दस हजार की धनराशि दी।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें हरियाणवी नृत्य, अंग्रेजी एकांकी, नृत्य व छोटे बच्चों द्वारा सत्यभामा, रूक्मणी व श्री कृष्ण पर आधारित एक लघु नृत्यनाटिका मंचन किया गया।

मंच का संचालन सुदेश मलिक व अजमेर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रतिमा जसवाल, विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के गणमान्य अधिकारी, अभिभावकगण व अन्य अतिथिगण उपस्थित थे।